Patrika

Jharkhand Education Minister say Teacher recruitment will be in 10 days

दुमका। झारखंड में 18000 से अधिक उच्च विद्यालय के शिक्षकों की नियुक्ति होनी है। इसके लिए 10 दिनों में अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। साथ ही हाई स्कूलों में प्राचार्यों की कमी भी दूर की जाएगी। उक्त बातें झारखंड की शिक्षा मंत्री नीरा यादव ने कही।

जानकारी के अनुसार गांधी जयंती के अवसर पर खूंटपानी प्रखंड के चीरू में स्वराज से सूराज शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री नीरा यादव उपस्थित थीं। ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

उन्होंने बताया कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कला के साथ-साथ विज्ञान और कॉमर्स की पढ़ाई भी शुरू हो गई है। शिक्षा मंत्री ने लोगों से स्वच्छता अभियान को शत- प्रतिशत सफल बनाने का आहवान किया और महिलाओं को इसमें आगे आने की अपील की।